## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 04.09.2026**

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को 01 इनवर्टर, 01 समरसेबल एवं ₹ 2,200/- नगद (चोरी की बैट्री की बिक्री के) सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा अभियोगों के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना गजनेर पर वादी अभिषेक सिंह भदौरिया पुत्र श्री राजेश सिहं भदौरिया निवासी यूपीएसआईडीसी जैनपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर बावत रामऔतार सत्यावती इण्टर कालेज हिलौठी पियासी जनपद कानपुर देहात से दिनांक 13.08.2026 को अज्ञात चोर द्वारा स्कूल से इनवर्टर, बैट्री एवं समरसेबिल आदि चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 219/2026 धारा 305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत कराया गया। थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. जीतू पुत्र पट्टू निवासी ग्राम जिगनीपुरवा थाना गजनेर कानपुर देहात, 2. रोहित पुत्र बलवान निवासी ग्राम जिगनीपुरवा थाना गजनेर कानपुर देहात को 01 इन्वर्टर, 01 समरसेबिल व जामा तलाशी में ₹ 2,200/- नगद (चोरी की बैट्री की बिक्री के) सहित दिनांक 04.09.2026 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में 02 अन्य सहअभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्ताशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का विवरण-**

1.जीतू उम्र 32 वर्ष पुत्र पट्टू निवासी ग्राम जिगनीपुरवा थाना गजनेर कानपुर देहात।

2. रोहित उम्र 22 वर्ष पुत्र बलवान निवासी ग्राम जिगनीपुरवा थाना गजनेर कानपुर देहात।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 इन्वर्टर (Microtech)
2. 01 समरसेबल (KISAN)
3. जामा तलाशी में ₹2,200/- नगद (चोरी की बैट्री की बिक्री के) ।

**पूछताछ अभियुक्तगण**- दोनों अभियुक्तो ने बताया हम दोनो लोग व हमारे दो अन्य साथी सोहेल उर्फ कलीम निवासी गौरी रंजन थाना भोगनीपुर व रईस पुत्र मजीद निवासी अमरोद पिपरी थाना भोगनीपुर दोस्त है तथा हम चारों मिलकर दिन में रेंकी कर लेते हैं और रात में मौका पाकर चोरी कर लेते हैं तथा उसे बेचकर अपने शौक पूरे करते हैं।आज हम दोनो लोगो को आपने पकड़ लिया है और हमारे दो साथी सोहेल उर्फ कलीम व रईस रेंकी करने के लिये गये है। यह सामान जो हम लोगों से बरामद हुआ है वह सामान हम चारो लोगो ने ग्राम हिलोटी में बने स्कूल से दिनांक 13/14.08.2026 की रात मे चुराया था। जिसमें से हमने बैट्री को तोड फोड कर चलते फिरते कबाड़ी को ₹4,800/- में बेच दी थी। और रुपये हम चारो ने बराबर-बराबर बाँट लिये थे जो हम दोनों के हिस्से में रुपये मिले थे उनमें कुछ रुपये खर्च हो गया ओर जो बचे है वो आज आपने हम दोनों लोगों से बरामद किये है। तत्पश्चात पकड़े गये व्यक्तियों से यहाँ आने का कारण पूछा तो दोनों ने एक स्वर मे बताया कि आज हम यह सामान कही छुपाने जा रहे थे तो रास्ते में आप लोगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तारी करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संजीव कुमार
2. का0 360 शिवकुमार
3. का0 156 शिवशान्त